# आकाशवाणी शिमला

## 21.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- दुनियाभर में उत्साह के साथ मनाया गया दसवाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–शिमला के रिज मैदान पर हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- तीन विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए कुल 19 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन–26 जून नाम वापिस लेने का अंतिम दिन।
- कांग्रेस व भाजपा ने उपचुनावों में अपनी–अपनी जीत के किए दावे–नामांकन के समय रैलियां निकाल कर किया शक्ति प्रदर्शन।
- सोलन का तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शूलिनी मेला पारम्परिक रीति रिवाज के साथ आरम्भ।

### विश्व योग दिवस

दुनिया भर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। देश में मुख्य समारोह श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने योग सत्र में भी भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में योग के महत्व पर जोर दिया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय है – स्वयं और समाज के लिए योग। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक कल्याण के एक शक्तिशाली तंत्र के रूप में देख रही है।

### शिमला–योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुआ जिसमें राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और सैंकड़ों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है और पूरा विश्व योग को अपना रहा है। उन्होंने कहा कि योग हमे प्राचीन संस्कृति, परम्परा और अध्यात्म से जोड़ता है। राज्यपाल ने सभी लोगों से योग को अपनी जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने का आहवान किया, ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन की नकारात्मकता को दूर करने में मदद करता है और हमें प्रकृति के नजदीक लाता है।

इस बीच राज्यपाल ने राज्यस्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में राज्य सरकार के किसी भी मंत्री या विधायक के शामिल न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार का ये रवैया असहनीय है और योग दिवस पर राजनीति ठीक नहीं है।

### अनुराग–योग

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर में जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के डाडासीबा में सैंकड़ों स्कूली बच्चों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का आहवान किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग दुनिया के कोने–कोने तक पहुंचा है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आज दुनियाभर के करोड़ों लोग योग का सहारा ले रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि योग का काम जोड़ना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग के माध्यम से पूरी दुनिया को जोड़ा है।

**नामांकन**

प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के आज अंतिम कुल 13 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। राज्य निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि इन उपचुनावों के लिए कुल 19 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे भरे हैं। देहरा विधानसभा उपचुनाव के लिए 7, हमीरपुर में 4 जबकि नालागढ़ में 8 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि 24 जून को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 25 व 26 जून का इच्छुक प्रत्याशी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। आज नामांकन भरने वालों में देहरा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह और हमीरपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्िंदर वर्मा भी शामिल हैं।

**कांग्रेस–नामांकन**

देहरा में नामांकन के समय कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर राजेश शर्मा सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी तीनों विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कि पूर्व विधायक होशियार सिंह ने भाजपा के दबाव में इस्तीफा दिया है और लोगों पर उपचुनाव थोपा गया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में देहरा में उल्लेखनीय विकास कार्य हुआ है और भविष्य में भी क्षेत्र में विकास कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार लोगों से किए सभी वायदे पूरे करेगी और प्रदेश के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखी जाएगी। उधर हमीरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्िंदर वर्मा के नामांकन के समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

**भाजपा–नामांकन**

देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के नामांकन के समय विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। इस मौके पर जयराम ठाकुर और अनुराग ठाकुर ने भाजपा की जीत का दावा करते हुए राज्य सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। जयराम ठाकुर ने उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी पर सरकारी सम्पत्ति के दुरूपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चारों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस पार्टी को 68 में से 61 विधानसभा क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा है। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांगड़ा सहकारी बैंक भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है और आज ये बैंक जनता के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस के मित्रों का बैंक बन कर रह गया है। उन्होंने दावा किया कि इन उपचुनावों में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई है और हर चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी लोगों से झूठे वायदे करती है।

**शूलिनी मेला**

सोलन का 3 दिवसीय राज्यस्तरीय शूलिनी मेला आज पारंम्परिक रीति रिवाजों के साथ शुरू हुआ। स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने माँ शूलिनी की सुसज्जित पालकी की अगुआई कर मेले का शुभारम्भ किया। उन्होंने ऐतिहासिक ठोडो मैदान में शूलिनी मंच पर आयोजित हवन में भी भाग लिया। धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्यस्तरीय शूलिनी मेले का धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। मेले में आज से ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं।

**जगत सिंह नेगी**

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिले में कल्पा की तेलंगी पंचायत में लगभग एक करोड़ रूपए से बने पशु औषधालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रयासरत हैं और दुग्ध उत्पादकों के लिए गाय के दूध का दाम 45 रूपये प्रति लीटर तय किया गया है। जगत सिंह नेगी ने किसानों व बागवानों को खेती की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने विकास कार्यों को गति प्रदान की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने की बजाए सरकार गिराने में लगी हुई है। रोहित ठाकुर ने कहा कि पहली जून को हुए विधानसभा उपचुनावों में मतदाताओं ने भाजपा को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की गारंटियों पर भरोसा जताया है और उपचुनावों में 4 सीटें जिताकर सरकार को मजबूती प्रदान की है।

**भाजपा प्रदर्शन**

कानून व्यवस्था के मुद्दे प्रदेश भाजपा कल 22 जून को बिलासपुर में धरना प्रदर्शन करेगी। इसमें विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य नेता भी भाग लेंगे। बिलासपुर कोर्ट परिसर के बाहर हुई फायरिंग और अन्य मुद्दो को लेकर ये प्रदर्शन किया जा रहा है।

**दुर्घटना**

शिमला जिले में जुब्बल तहसील के कुड्डू के समीप चौड़ी कैंची में आज सुबह राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस के गहरी खाई में गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 यात्री घायल हो गए। इनमें से 2 यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि बस के चालक व परिचालक की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। हादसा उस समय हुआ जब ये बस कुडडू से गिलटाड़ी जा रही थी। घायलों का नागरिक अस्पताल रोहड़ू में ईलाज चल रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है।

**पर्यटक**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों पर इन दिनों सैलानियों का तांता लगा हुआ है। राजधानी शिमला में पिछले 20 दिनों में अढ़ाई लाख से अधिक पर्यटन वाहनों का आवागमन हुआ है। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण एक ओर जहां लोगों को परेशानी हुई है वहीं यातायात पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि पहली से 20 जून तक शिमला में साढ़े आठ लाख वाहनों ने प्रवेश किया है, जिनमें से अढ़ाई लाख वाहन बाहरी राज्यों के हैं।